भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 521

04.02.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन

521. श्री असादुद्दीन ओवैसी:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) 38 सदस्य देशों का एक संघ है;

(ख) यदि हां, तो क्या ओईसीडी इंटरनेशनल माइग्रेशन आउटलुक (2021) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, कोविड -19 संकट के कारण वर्ष 2003 के बाद से स्थायी प्रवासन संख्या में 30 प्रतिशत से अधिक की सबसे तेज गिरावट दर्ज की गई है;

(ग) यदि हां, तो वर्ष 2020 और 2021 से लेकर अब तक ओईसीडी राष्ट्रों में भारतीय प्रवासी कामगारों का प्रवास किस हद तक गिरा है ;

(घ) क्या कोविड मामलों में कमी और कई देशों द्वारा प्रतिबंध हटाने के कारण भारत से ओईसीडी देशों में प्रवासी कामगारों के प्रवाह में कोई वृद्धि हुई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन प्रवासी कामगारों की सहायता के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जा रहे हैं ?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[डॉ राजकुमार रंजन सिंह]

(क) जी, हां।

(ख) 28 अक्टूबर 2021 को प्रकाशित, ओईसीडी प्रकाशन “इंटरनेशनल माइग्रेशन आउटलुक 2021” के अनुसार कोविड -19 महामारी के कारण, "ओईसीडी देशों में स्थायी प्रवासियों की संख्या 2020 में 30% से अधिक घटकर लगभग 3.7 मिलियन रह गई- जोकि 2003 के बाद से सबसे निचले स्तर पर है ”।

(ग) से (ङ)	ओईसीडी ने वर्ष 2020/2021 के लिए ओईसीडी देशों में भारतीय कामगारों के प्रवास के आंकड़े प्रकाशित नहीं किए हैं।

महामारी के दौरान यह सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता थी कि रोजगार के नुकसान के रूप में विदेशों में भारतीय पेशेवरों और कामगारों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जाए। इसके लिए मंत्रालय और हमारे सभी मिशन विदेशों में हमारे नागरिकों को सहायता प्रदान करने और उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए मेजबान सरकारों के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए थे। कई देशों ने हमारे प्रयासों के प्रति अनुकूल प्रतिक्रिया दी है और एयर बबल स्थापित किए हैं और वीजा, यात्रा और स्वास्थ्य संबंधी प्रतिबंधों में ढील दी है। भारतीय पेशेवरों और कामगारों की वापसी के साथ-साथ नई भर्ती पर विभिन्न ओईसीडी देशों में आर्थिक सुधार के क्रम में तेजी से कार्रवाई की जा रही है। सरकार इस कार्य को अपनी प्राथमिकता बनाए रखेगी।

***